# अरिहन्त अर्बन को–ऑपरेटिव्ह बैंक लिमिटेड

अभय प्रशाल परिसर 10 रेसकोर्स रोड इन्दौर

## उनतीसवी वार्षिक साधारण सभा शुकवार, दिनांक 26 सितम्बर 2025 के कार्यवृत्त

बैंक की उनतीसवी वार्षिक साधारण सभा शुकवार,दिनांक 26 सितम्बर 2025 को श्री दादावाडी रामबाग इन्दौर में सायं 4.00 बजे आयोजित की गई थी किन्तु कोरम के अभाव में बैठक आधे घण्टे बाद सायं 4.30 बजे नियत स्थान पर न्यूनतम अंशधारी संख्या पूर्ण होने पर सभा प्रारंभ की गयी। सभा में उपस्थिति पत्रक अनुसार कुल 123 अंशधारी सदस्यों सहित संचालकगण उपस्थित थे।

सभा के प्रारंभ मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विमल मेहता द्वारा सभा के अध्यक्ष श्री पारस बोहरा एवं उपाध्यक्ष श्री ईश्वर जोशी तथा सभी संचालकों से आसन ग्रहण करने का अनुरोध किया गया। आसन ग्रहण करने के पश्चात सभा की कार्यवाही अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल के सभी सदस्यो द्वारा लक्ष्मीजी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर प्रारंभ की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकरी श्री विमल मेहता द्वारा उपस्थित सभी अंशधारकों, सचांलक मण्डल के सदस्यो एवं अन्य आगन्तुकों का स्वागत किया गया।
स्वागत के उपरान्त बैंक की उनतीसवी वार्षिक साधारण सभा की सूचना पठन के साथ उल्लेखित प्रस्तावो पर कमवार चर्चा कर प्रारंभ की गई एवं सर्वानुमति से निम्न प्रस्ताव पास किये गये

प्रस्ताव क. (1) :– गत वार्षिक सभा दिनांक 24 सितम्बर 2024 की कार्यवाही की पुष्टि करना।
ठहराव कं (1) :– गत वार्षिक सभा दिनांक 24 सितम्बर 2024 की कार्यवाही की उपस्थित सभी अंशधारियो द्वारा ध्वनिमत से पुष्टि की गई।

प्रस्ताव कं. (2) :– बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन (लाभ–हानि एवं तुलन पत्रक) वर्ष 2024–25 को स्वीकृति प्रदान करना।
ठहराव कं (2) :– बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन (लाभ–हानि एवं तुलन पत्रक) वर्ष 2024–25 को तालियो की गड़गड़ाहट के साथ सभी अंशधारियों द्वारा यथावत स्वीकृती प्रदान की गई।

प्रस्ताव कं (3) :– अंकेक्षण प्रमाण पत्र वर्ष 2024–25 की पुष्टि करना।
ठहराव कं (3) :– अंकेक्षण प्रमाण पत्र वर्ष 2024–25 की पुष्टि सभी सदस्यों द्वारा कर्तल ध्वनि से की गई।

प्रस्ताव कं (4) :– संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तावित सशोधित लाभ विनियोजन वित्तीय वर्ष 2024–25 को स्वीकृती प्रदान करना।
ठहराव कं (4) :– संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तुत सशोधित.लाभ विनियोजन वित्तीय वर्ष 2024–25 को स्वीकृती प्रदान की गई।

प्रस्ताव कं (5) :– वर्ष 2026–2027 के अनुमानित आय–व्यय पत्रक (बजट) को स्वीकृती प्रदान करना एवं वर्ष 2024–25 में बजट से अधिक व्यय हुई राशि को स्वीकृती प्रदान करना
ठहराव क (5):– सभी अंशधारियों ने ध्वनिमत से वर्ष 2026-2027 के अनुमानित आय–व्यय पत्रक (बजट) को यथावत स्वीकृती प्रदान की गई तथा वर्ष 2024–25 में बजट से अधिक व्यय हुई राशि को मदवार स्वीकृती प्रदान की गई।

प्रस्ताव कं (6) :– अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।
ठहराव कं (6):– सभा मे अन्य कोई विषय/प्रस्ताव नही होने से निरक।

अविरत –2–

अध्यक्ष महोदय पारस बोहरा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज आप सबके समक्ष बैंक की प्रगति उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त हुआ है । वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान यह उपलब्धि रही कि हमारा शुद्ध एनपीए शुन्य हो गया है । यह हमारी सतर्क ऋणनीति और वसूली के प्रयासो का प्रतिफल है । वर्ष मे समस्त प्रावधान करने के बाद बैंक ने रू. 20.25 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में दुगना हो गया है । इसके साथ ही हमारी बैंक माह अप्रैल 2025 से पर्यवेक्षी कार्यवाही संरचना (SAF) से भी मुक्त हो गयी है ।

श्री बोहरा ने सदस्यो को प्रसन्नतापूर्व सूचित किया कि इस वर्ष बैंक ने 8 प्रतिशत लाभांश घोषित किया है । श्री बोहरा ने आगे बताया कि सहकारी बैंकों के सामने चुनोतिया अनेक है । प्रतिस्पर्धा, प्रोघोगिकी का तीव्र विकास एवं बढ़ती अपेक्षाएं है किन्तु हमें विश्वास हे कि आप सब के सहयोग, हमारे कर्मचारियों की निष्ठा और संचालक मण्डल के उचित मार्गदर्शन से हमारा बैंक निरंतर नई ऊंचाई प्राप्त करेगा । आने वाले वर्षो में डिडिटल सेवाओं का विस्तार, सदस्र्को को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाए उपलब्ध कराना तथा बैंक की वित्तीय सदृढता और सदस्यों के हितों की रक्षा करना हमारा मुख्य ध्येय रहेगा ।

साधारण सभा के अवसर पर सहकारिता विभाग इन्दौर से सेवा निवृत्त अधिकारी श्री आर. एस. ठाकुर तथा संचालकगण श्री विजय मेहता , श्री पीयूष मेहता , श्री यशवन्त जैन , श्री पदम जैन , श्री महेन्द्र खिची , श्री अनुरोध जैन , श्री पंकज पाण्डे , श्री विनोद मेहता एवं श्री रमेशचन्द्र हाडा उपस्थित थे ।

उपाध्यक्ष श्री ईश्वर जोशी ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं सदस्यों से आग्रह किया कि बैंक के व्यवसाय एवं क्षेत्र मे वृद्धि हेतु नये सदस्यों को जोडने का प्रयास करे साथ ही उन्होने सदस्यों से अपनी ऋण जरूरतों की पूर्ति बैंक के माध्यम से करने का निवेदन किया ।

अन्त मे राष्ट्रगान के पश्चात अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई एवं उपस्थित अंशधारियों को भोजन हेतु आमंत्रित किया गया । कार्यकम का सचांलन श्रीमती मनीषा सुपेकर द्वारा किया गया

| | |
|---|---|
| विमल मेहता | पारस बोहरा |
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी | अध्यक्ष |